हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 जुलाई 2025

11 आधुनिक डेयरी व्यवसाय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का...



12 चांदुवाड़ा गली में ओवरफ्लो सीवर समाधान के लिए तोड़ी सड़क...



## शिक्षा विभाग के पास अभिभावकों से हेल्पलाइन नंबर, ईमेल और अन्य तरीकों से कई शिकायतें मिली तो जारी किए निर्देश

# अब मनमाने ढंग से एडमिशन अस्वीकृत नहीं कर पाएंगे प्राइवेट स्कूल, पोर्टल पर लिखना होगा वाजिब कारण

- शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के अंतर्गत प्रवेश संबंधित प्रक्रिया की रिपोर्टिंग एवं ट्रैकिंग को लेकर जारी किए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

शिक्षा विभाग ने चालू शैक्षणिक सत्र में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आर टी इ) 2009 के अंतर्गत प्रवेश संबंधित प्रक्रिया की रिपोर्टिंग एवं ट्रैकिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इस संदर्भ में सहायक निदेशक (प्राइवेट स्कूल) शिक्षा विभाग हरियाणा ने पत्र लिखकर प्राइवेट स्कूलों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। अपने आदेश में सहायक निदेशक ने बताया की हाल ही में राज्य सरकार द्वारा सत्र 2025-26 के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत प्रवेश हेतु परिणाम जारी करते हुए 11803 आवेदकों को राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित प्राइवेट स्कूल प्रवेश हेतु आबंटित किए हैं।

यह प्रवेश प्रक्रिया एक जुलाई 11 जुलाई तक पूर्ण की जानी है। इसके लिए प्रत्येक जिले के विद्यार्थियों को उनकी मांग एवं सुविधा के अनुसार प्राइवेट स्कूल आवंटित किए जा चुके हैं। इस दौरान विभाग के संज्ञान में आया है कि अभिभावकों से हेल्पलाइन नंबर, ईमेल और अन्य तरीकों से कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं। शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि कुछ स्कूल आवासीय पते के दस्तावेज, स्कूल से दूरी या आरटीई अधिनियम के तहत स्वीकार्य नहीं होने वाले अन्य कारणों के आधार पर प्रवेश में देरी कर रहे हैं या प्रवेश देने से इनकार कर रहे हैं। इस तरह की कार्रवाईयां आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 12(1) (सी) और 13 का उल्लंघन करती हैं और इन्हें अत्यंत गंभीरता से देखा जाता है।

आरटीई के तहत दाखिलों की पारदर्शिता और वास्तविक समय पर नज़र रखने के लिए 11803 आवंटित आवेदकों में से प्रत्येक को ट्रैक करने के लिए एक निर्दिष्ट पोर्टल लॉन्च किया गया है। आवंटित निजी स्कूल को पोर्टल पर अपने एमआईएस खाते में लॉग इन करना होगा। स्कूल प्रत्येक आवंटित छात्र की स्थिति को अपडेट करेंगे।

इनमें प्रवेश स्वीकार किया गया या प्रवेश अस्वीकृत का विवरण देना होगा यदि प्रवेश अस्वीकृत हो जाता है, तो स्कूल को निर्देशित करते हुए कहा है कि पोर्टल पर उपलब्ध पूर्वनिर्धारित विकल्पों में से अस्वीकृति का उचित कारण चुन कर ही स्वीकृत किया जाए। अस्वीकृति के कारण को प्रमाणित करने वाले सहायक दस्तावेज़ पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करने के भी निर्देश दिए हैं।

### नियम नहीं माने तो मान्यता वापस ले सकता है विभाग

*प्राइवेट स्कूलों को यह भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि अस्वीकृति के कारण आरटीई दिशा-निर्देशों और प्रासंगिक सरकारी आदेशों के अनुसार हों, और मनमाने न हों। पोर्टल पर प्रतिदिन प्रत्येक आवंटित छात्र की प्रवेश स्थिति अपडेट करें। बिना वैध, दस्तावेज-समर्थित कारणों के प्रवेशों का गैर-अनुपालन या मनमाने ढंग से अस्वीकार करना गंभीरता से लिया जाएगा। जिसमें आरटीई अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें मान्यता वापस लेना और यदि आवश्यक पाया जाता है तो दंडात्मक कार्रवाई शुरू करना भी शामिल है। सभी 3319 निजी स्कूलों को शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए आरटीई के तहत सुचारू, पारदर्शी और समय पर प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए उपरोक्त दिशानिर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग आरटीई अधिनियम को अक्षरशः लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त अनुपालन अपेक्षित है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।*

### क्या कहते है डीईओ



*कार्यकारी डीईओ सुनील दत्त ने बताया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों से पत्र मिल गया है। इस पर अमल करवाने के लिए जिला के बीईओ के पास भेजा जा रहा है।*

## खबर संक्षेप

### ट्राले की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**नारनौल।** नांगल चौधरी क्षेत्र में भेडंटी गांव में बने पेट्रोल पंप के समीप स्कूटी को ट्राला द्वारा टक्कर मार देने से करीब 18 वर्षीय शोयब थाना मानपुर जिला भरतपुर राजस्थान की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि करीब 8 बजे नांगल चौधरी से स्कूटी द्वारा दिलपुरा जा रहा था। जब वह भेडंटी के पास पहुंचा, तब ट्राला ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे शोयब की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव को नागरिक अस्पताल नारनौल पहुंचाया, जहां मंगलवार प्रातः चिकित्सकों से शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

### गांव तलोट का देवांश शर्मा बना सीए

**नारनौल।** नलवती क्षेत्र के गांव तलोट निवासी देवांश शर्मा ने सीए बनकर गांव व परिवार का नाम रोशन किया है।



देवांश का परिवार दिल्ली में रहता है और पिता प्रदीप शर्मा दिल्ली में ही अपना व्यवसाय करते हैं। देवांश के ताऊ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि देवांश की इस उपलब्धि से गांव व परिवार में खुशी का माहौल है। देवांश के ताऊ स्वर्गीय घीसाराम पूर्व में गांव तलोट के सरपंच रह चुके हैं।

### सांडेल आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव कल

**नांगल चौधरी।** थनवास ढाणी सैनिया के सांडेल आश्रम में 10 जुलाई को महंत उदय नारायण दास की अध्यक्षता में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित होगा। जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करके सामाजिक शिक्षा और नैतिक दायित्वों से अवगत कराया जाएगा। महंत ने बताया कि 10 जुलाई की सुबह आश्रम में हवन का आयोजन होगा। जिसमें आहुति डालकर विश्व कल्याण की मन्नतें मांगी जाएंगी। 11 बजे भजनोपदेश कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार नरदेव बेनीवाल एंड पार्टी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा उत्सव से युवाओं में अध्यात्मिक ज्ञान का समावेश होगा।

## पचेरी क्षेत्र से लूटी हुई गाड़ी से दिया था वारदातों को अंजाम

# बलाहा में फायर और दुलोठ में पेट्रोल पंप लूटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- डीएसपी कनीना ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी महेंद्रगढ़ में अपराधियों को नहीं टिकने दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

दूलोठ अहीर क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर लूट करने और गांव बलाहा में टाइल व पत्थर की फैक्ट्री पर फायर करने व लूट की कोशिश करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान विनित निवासी पाना लाखयान, होली चौक बादली हाल आबाद पचेरी कलां जिला झुंझुनू और कर्मवीर निवासी बलाहा खुर्द-नांगलिया नारनौल के रूप में हुई है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि आरोपितों ने 29 जून को राजस्थान के थाना पचेरी क्षेत्र से गाड़ी लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद आरोपितों ने नारनौल के गांव बलाहा में टाइल व पत्थर की फैक्ट्री पर फायर कर लूट करने की कोशिश की थी। बाद में आरोपितों ने दुलोठ अहीर क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर नकदी लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। एसपी पूजा वशिष्ठ ने मामलों को संज्ञान में लेते हुए सीआईए नारनौल, सीआईए महेंद्रगढ़, थाना सदर नारनौल व थाना सदर महेंद्रगढ़ की टीमों का गठन किया और निर्देश दिए कि आरोपितों का पता लगाकर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए।



**महेंद्रगढ़।** मामले की जानकारी देते डीएसपी दिनेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

### पीड़ित ने यह दी थी शिकायत

शिकायतकर्ता अशोक कुमार वासी गांव दुलोठ अहीर ने शिकायत में बताया कि उसने दुलोठ अहीर से भालोठ रोड पर बाबा फतेहराम फिलिंग स्टेशन नाम से पेट्रोल पंप खोल रखा है। चार जुलाई की शाम को लगभग सात बजकर 10 मिनट पर उसके पास सेल्समैन का फोन आया कि तीन हथियार बंद लोगों ने पेट्रोल पंप को लूट लिया है। जिस सूचना पर वह पेट्रोल पंप पर पहुंचा और पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे चैक किए, जिसमें तीन हथियार बंद लोग अपने हाथों में पिस्टल लेकर आते हैं। जिनमें से एक व्यक्ति सेल्समैन पर पिस्टल तान देता है और दूसरा व्यक्ति हवा में फायर करता है। फिर तीनों व्यक्ति पेट्रोल पंप पर बने कमरे में जाते है और कुल तीन लाख 38 हजार 19 रुपये को लुटकर सेल्समैन को जान से मारने की धमकी देते हुए पेट्रोल पंप से भाग जाते हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### आरोपित वारदात के बाद हो गए थे फरार

डीएसपी दिनेश कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस ने मामलों में तत्परता से कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को करनाल से शामली रोड यूपी से गिरफ्तार कर लिया है। जिनसे वारदातों में प्रयोग की गई लूट की गाड़ी बरामद की है, जिसे आरोपितों ने पचेरी राजस्थान क्षेत्र से लूटा था। आरोपित वारदातों को अंजाम देने के बाद फरार हो गए थे। सीआईए महेंद्रगढ़ और थाना सदर महेंद्रगढ़ की टीमों ने मुख्य भूमिका निभाते हुए आरोपियों का पता लगाया और उन्हें काबू कर लिया। आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि आपसी रंजिश के चलते हत्या व एससी-एसटी एक्ट के थाना सतनाली के एक मामले में एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन आरोपित पहले गिरफ्तार हो चुके हैं। आरोपी वारदात को अंजाम देने में शामिल था।

## कैफे संचालक पर फायर करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

नांगल चौधरी में कैफे पर फायर करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना नांगल चौधरी पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राजेश वासी थनवास के रूप में हुई। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि आरोपित राजेश ने अवैध हथियार उपलब्ध कराया था। पुलिस ने मुख्य लोकेश वासी नांगल सोडा को पहले गिरफ्तार किया था। दीपक वासी गांव कमानिया ने थाना नांगल चौधरी में दी शिकायत में बताया कि ब्रदर्स कैफे के नाम से बहरोड़ नांगल चौधरी रोड पर सतीश दहिया कॉलेज के पास उसने दुकान कर रखी है। दोपहर करीब दो बजे के आसपास वह अपनी दुकान के बाहर खड़ा हुआ था, बहरोड़ की तरफ से मोटरसाइकिल पर तीन लोग आए। जिन्होंने मोटरसाइकिल उसके दुकान के सामने से वापस बहरोड़ की तरफ घुमा ली और लक्की ने मोटरसाइकिल से नीचे उतरकर जान से मारने की नियत से उसके ऊपर गोली चला दी, जो गोली शिकायतकर्ता के पास से होते हुए शीशे में जाकर लगी।

## निजी प्ले स्कूलों के लिए मान्यता के नवीनीकरण में आसानी, 30 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**नारनौल।** निजी प्ले स्कूलों के संचालकों के लिए वर्ष 2025-26 की मान्यता के नवीनीकरण की प्रक्रिया को सुगम और पारदर्शी बना दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया की पहल को आगे बढ़ाते हुए सभी निजी प्ले स्कूल संचालकों को अब सरल पोर्टल पर 30 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह कदम न केवल प्रक्रिया को सरल बनाएगा, बल्कि समय की बचत भी करेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि यह नई व्यवस्था हरियाणा सरकार की शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और पारदर्शिता लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुख्यमंत्री का यह विजन है कि सभी शैक्षणिक संस्थानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाए, जिससे वे बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें। यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन स्कूल संचालकों ने पहले महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन किया था, वे अपना आवेदन किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद उन्हें भी सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। यह पहल डिजिटल हरियाणा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो सरकारी सेवाओं को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ और कुशल बना रहा है। हरियाणा सरकार लगातार यह सुनिश्चित कर रही है कि राज्य के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और इसके लिए शैक्षणिक संस्थानों को हर संभव सुविधा प्रदान की जाए।

## वकील व मुंशी से मारपीट मामले को लेकर रखा वर्क सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭कनीना

कोर्ट परिसर में वकालत करने वाले वकील व मुंशी के साथ मारपीट कर घायल करने के आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर मंगलवार बार एसोसिएशन के वकीलों ने वर्क सस्पेंड रख धरना दिया। बार के प्रधान मंजीत सिंह के दिशानिर्देशन में वकीलों का एजिटेशन चला। वकीलों ने एकजुटता दिखाते हुए पुलिस प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की।

उन्होंने बताया कि पड़तल निवासी वकील विक्रम सिंह ने सप्ताहभर पूर्व शहर थाना पुलिस को शिकायत दी थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि वह कोर्ट में अभ्यास करते है, जबकि विजय पड़तल अन्य वकील का मुंशी कार्यरत है। वे सायं करीब चार बजे बाइक पर सवार होकर जब अपने घर जा रहे थे, तो अनिकेत वासी पड़तल तीन साथियों सहित नई आनाज मंडी के समीप लाठी डंडे लेकर खड़े थे।

अनिकेत व उसके साथियों ने हमला बोल दिया, जिससे वे घायल हो गए। उन्होंने 112 नम्बर डायल कर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने विक्रम सिंह की शिकायत पर अनिकेत सहित तीन अन्य नामालुम युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था, लेकिन गिरफ्तारी नहीं की गई है। उन्होंने आरापितों को गिरफ्तार करने की मांग की है।



**कनीना।** वर्क सस्पेंड कर धरने पर बैठे अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

## नोटिस बोर्ड पर यात्रियों को मिलेगी अमरनाथ यात्रा की जानकारी

- सीएमओ ने आदेश किए जारी, नोटिस बोर्ड में बोर्ड सदस्यों के नाम, दूरभाषा नंबर व ओपीडी रूम नंबर अंकित करने के निर्देश
- भाजपा जिला महामंत्री ने मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए चक्कर कटवाने का लगाया था आरोप, सीएम व स्वास्थ्य मंत्री को भेजी थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

भाजपा जिला महामंत्री द्वारा अमरनाथ जाने वाले यात्रियों को मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए नागरिक अस्पताल में चक्कर कटवाने की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया हैं। सिविल सर्जन ने नागरिक अस्पताल में नोटिस बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। सीएमओ ने आदेश दिए है कि नोटिस बोर्ड में बोर्ड सदस्यों के नाम, दूरभाषा नंबर व ओपीडी रूम नंबर अंकित किए जाए, ताकि मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा ने सीएम को भेजी शिकायत में बताया था कि अमरनाथ यात्रियों के मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने को लेकर सामान्य नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ में भी सीएमओ द्वारा एक बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड में एसएमओ डॉ. जयप्रकाश, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित, डॉ. पूनम और डॉ. अनिल कुल चार सदस्यों को शामिल किया गया है। इन सदस्यों में एसएमओ डॉ. जयप्रकाश और डॉ. पूनम लगातार लंबे समय से छुट्टी पर चल रहे हैं, जबकि दो सदस्य हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित और डॉ. अनिल की मेडिकल कॉलेज कोरियावास में ड्यूटी लगा दी गई है। पिछले 15 दिनों से अमरनाथ जाने वाले यात्री सभी मेडिकल टेस्ट करवाने के बावजूद चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इससे अमरनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। इन यात्रियों में भाजपा के जिला महामंत्री अमित मिश्रा और उनके माता-पिता सहित परिवार के अन्य सदस्य शामिल हैं। भाजपा जिला महामंत्री ने बताया था कि हम सभी बार-बार चक्कर लगाने को मजबूर है।

सोमवार को सीएमओ डॉ. अशोक से बात करने पर उन्होंने एसएमओ डॉ. जयप्रकाश और डॉ. बाबूलाल से मिलने को कहा। जब वह अस्पताल गए तो एसएमओ डॉ. जयप्रकाश छुट्टी पर मिले तो डॉ. बाबूलाल से मिले। डॉ. बाबूलाल ने एक महिला चिकित्सक से मिलने को कहा। महिला चिकित्सक से मिलने पर उन्होंने बदतमीजी शुरू कर दी। महिला चिकित्सक गुस्से में आ गई और कहने लगी तो सीएमओ से ही करवा लेना वह नहीं करेंगी और यह बोलकर कागज फैंकते हुए 11:30 बजे ही गाड़ी में बैठकर चली गई। इस विषय को लेकर महामंत्री ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी थी।



गठित बोर्ड के चिकित्सक छुट्टी पर, अमरनाथ यात्री मेडिकल बनवाने को 15 दिन से काट रहे चक्कर

**नारनौल।** आठ जुलाई को प्रकाशित समाचार।

## बुधवार से अभियान में आएंगी तेजी, तीन टीम करेगी आवारा गोवंश को पकड़ने का कार्य

# आवारा पशुओं से मिलेगी निजात, नगर पालिका का अभियान शुरू, पहले ही दिन पकड़े गए 32 गोवंश

- नपा की ओर से शहर से आवारा गोवंश को पकड़ने के लिए हायर की गई है एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

शहर को जल्द ही आवारा गोवंश से निजात मिलेगी। नपा की ओर से हायर की गई एजेंसी की ओर से मंगलवार को आवारा गोवंश को पकड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया है। नपा की ओर से पकड़े गए गोवंश को टैग लगाकर गोशाला में छोड़ा जाएगा। ताकि दोबारा से गोशाला द्वारा आवारा गोवंश में शहर में नहीं छोड़ सकें।

बता दें कि शहर में आवारा पशुओं की समस्या काफी समय से बनी हुई थी। ये पशु सड़कों पर घूमते रहते थे, जिससे यातायात बाधित होता था और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता था। कई बार ये पशु घरों और दुकानों में भी घुस जाते थे, जिससे लोगों को परेशानी होती थी।

इसके अलावा कई लोग आवारा गोवंश के कारण हादसे का भी शिकार हो चुके है। इस समस्या से निजात पाने के लिए नगरपालिका की ओर से हायर किया गया है। नपा द्वारा एजेंसी को आवारा गोवंश को पकड़ने के लिए 4 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। एजेंसी ने मंगलवार से आवारा गोवंश को पकड़ने का कार्य शुरू कर दिया है।

### 4 लाख रुपये में एजेंसी को सौंपी गई जिम्मेदारी

नगर पालिका प्रशासन ने इस कार्य के लिए एक निजी एजेंसी को हायर किया है। एजेंसी को 4 लाख की लागत से ठेका दिया गया है, जो आगामी दिनों में शहरभर से आवारा गोवंश को चिन्हित कर पकड़ने का कार्य करेगी। यह एजेंसी प्रशिक्षित स्टाफ और उचित उपकरणों के साथ प्रतिदिन शहर के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण कर रही है। पहले दिन एजेंसी की ओर से मोदाश्रम व डुलाना रोड से करीब 32 आवारा गोवंश को पकड़कर गौशाला में छोड़ दिया गया है। बुधवार को अभियान में तेजी आएंगी। हायर की गई एजेंसी की तीन टीम शहर के आवारा गोवंश को पकड़ने का कार्य करेगी।

### टैगिंग के बाद गोशाला भेजे जाएंगे गोवंश

शहर के लोगों की मानें तो गोशाला संचालक अक्सर गोवंश को शहर में छोड़ देते है। जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। इसको ध्यान में रखते हुए नपा ने एजेंसी को आवारा गोवंश टैग लगाने के निर्देश दिए है। पकड़े गए सभी गोवंश को टैगिंग की प्रक्रिया के बाद शहर की तीन अलग-अलग गोशालाओं में सुरक्षित रूप से छोड़ा जा रहा है। साथ ही, एक अन्य गोशाला से भी बातचीत की जा रही है ताकि जरूरत पड़ने पर वहां भी इन पशुओं को रखा जा सके।

## साफ सुथरा माहौल एक स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र की नींवः मनोज कुमार

- महेंद्रगढ़ में स्वच्छता बनी जन आंदोलन, सघन स्वच्छता अभियान ने जगाई नई अलख

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ जिला इन दिनों एक बड़े बदलाव का गवाह बन रहा है। सघन स्वच्छता अभियान 2025 सरकारी योजना से कहीं आगे बढ़कर अब हर नागरिक के दिल में उतर चुका एक मजबूत संकल्प बन गया है। यह पहल प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान और हरियाणा के मुख्यमंत्री के स्वच्छ हरियाणा, स्वस्थ हरियाणा के सपने को साकार कर रही है। जिले का हर व्यक्ति इस अभियान से जुड़कर स्वच्छता की एक नई मिसाल पेश कर रहा है, जिसकी गूंज हर गली और मोहल्ले में सुनाई दे रही है।

इसी कड़ी में मंगलवार को खेड़ा, नीरपुर, झगड़ोली, नियामतपुर, बास किरारोद उमराबाद, गंगुताना, जड़वा तथा कलवाड़ी गांवों में ग्रामीणों ने अभूतपूर्व जोश और भागीदारी दिखाई। उन्होंने यह साबित कर दिया कि जब एक समुदाय मिलकर कोई लक्ष्य तय कर लेता है, तो उसे पाना नामुमकिन नहीं होता। उनकी सक्रियता दर्शाती है कि स्वच्छता अब उनकी दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुकी है।



**नारनौल।** सघन स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते ग्रामीण।



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

लाइफ Style

# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।



हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स'बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।


टीवी मसाला



# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता



**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2 आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेबयू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मलि इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टीः एक नई पहचान :** मिट्टीः एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

## कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

## ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

*__मुंबई।__ 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



## चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

## ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

## खबर संक्षेप



### मतदाता सूची की शुद्धता बीएलओ की सजगता पर निर्भर : एसडीएम

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में राजकीय कॉलेज स्थित सभागार में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बीएलओ को प्रशिक्षित कर उन्हें उनके कार्य में और अधिक पारंगत बनाना था। एसडीएम ने कहा कि मतदाता सूची की पारदर्शिता और शुद्धता बीएलओ की मेहनत, ईमानदारी और सजगता पर निर्भर करती है। प्रत्येक फॉर्म की प्रक्रिया को पूरी गंभीरता से पूरा करना अनिवार्य है ताकि कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रह जाए और कोई अपात्र सूची में न जुड़ पाए।

### डीएलएसए की ओर से नांगल नूनिया में कानूनी साक्षरता शिविर आयोजित

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को खंड नांगल चौधरी के गांव नांगल नूनिया में कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता धर्मेश जोशी ने उपस्थित नागरिकों को उनके अधिकारों प्रति जागरूक करते हुए कहा कि कानून में ना कोई गरीब होता है ना कोई अमीर होता है। कानून सबके लिए बराबर है। जिसकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम है वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मुफ्त वकील व मुफ्त कानूनी सलाह ले सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गरीबी उन्मूलन के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### नीरज व दीपक की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायी

**नारनौल।** गांव भोजावास में एक ही परिवार के दो भाइयों ने शानदार उपलब्धी हासिल कर क्षेत्र व परिवार का नाम रोशन किया है। दीपक कुमार पुत्र रामकृष्ण गांव भोजावास ने इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस में सफलता प्राप्त की है, तो राधेलाल के पुत्र नीरज कुमार ने कराधान निरीक्षक पद पर नियुक्ति प्राप्त की है। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से दोनों युवकों की सफलता पर उन्हें सम्मानित किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि दोनों ही युवा क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत व प्रकाश पुंज है। नीरज व दीपक ने कठिन परिश्रम से उच्च पदों को हासिल कर युवाओं को जीवन में कुछ कर गुजरने की प्रेरणा दी है। डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि नीरज व दीपक ने देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में बेहतर स्थान हासिल कर अन्य बच्चों के लिए मार्गदर्शन का काम किया है।

# भगवान के बनाए विधान को चैलेंज करता है, उसे भोगना पड़ता है दंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रसिद्ध कथा वाचक अनुरुद्धाचार्य महाराज ने कहा कि जो भगवान के द्वारा बनाए गए विधान को चैलेंज करता है, उसे उसका दंड भोगना पड़ता है। इसलिए भगवान ने जो तुमको दिया है, उससे खुश रहो। वे सोमवार रात को अग्रवाल सभा भवन में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में प्रवचन कर रहे थे। राजेश्वरी परिवार की ओर से आयोजित इस महोत्सव में प्रवचन करते हुए महाराज ने कहा कि त्रेता युग में कर्ण ने स्वार्थ के वशीभूत होकर भगवान के बनाए गए विधान को चैलेंज किया, कर्ण ने अपने दोस्त दुर्योधन का साथ दिया तथा द्रोपदी का जब चीरहरण हो रहा था, तो उसको मना करने के बजाय अपने दोस्त का साथ दिया व हास्य बनाया। जिसका नतीजा उसे भुगतना पड़ा तथा वह बहुत ही बुरी मौत मारा गया। इसी प्रकार इस युग 2025 में सोनम जैसी महिला ने प्रेमी से अपने पति की हत्या करवाई। उसने विधि के द्वारा बनाए गए विधान को चैलेंज किया।

विधि ने तो राजा को उसका पति बनाया था, मगर उसने अपने प्रेमी का साथ दिया तथा पति को मरवा दिया। जिसके बाद अब उसका जीवन नरक हो गया है। वह ही नहीं, उसने अपने पूरे परिवार का जीवन नरक बना दिया। उसका भाई भी किसी के सामने नजर उठाकर नहीं देख सकता। इसलिए हमें भगवान के बनाए गए विधान को चैलेंज न करते हुए भगवान ने अपने जैसा दिया है, उस हिसाब से ही जीवन गुजारना चाहिए।



नारनौल। कथा सुनाते अनुरुद्धाचार्य महाराज। फोटो : हरिभूमि

### अर्जुन को भगवान पर था भरोसा: महाराज

आचार्य ने महाभारत की कथा सुनाते हुए कहा कि अर्जुन को भगवान पर भरोसा था। एक बार भीष्म पितामह ने योजना बना ली कि वे अगले दिन युद्ध में सभी पांडवों का वध कर देंगे। जिस पर रात के समय भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि भीष्म पितामह कह रहे हैं कि वे उनके पूरे परिवार को खत्म कर देंगे तथा तुम्हें नींद आ रही है। इस बारे में सोचो तथा कोई योजना बनाओ, तब अर्जुन ने कहा कि अब रात को सोने दो सुबह कुछ योजना बना लेंगे, तब कृष्ण ने पूछा कि तुम्हें इस बात की चिंता नहीं हो रही तो अर्जुन ने जवाब दिया कि जिनकी चिंता करने वाला भगवान स्वयं हो, उन्हें भला किस बात की चिंता। अंत में आचार्य ने इतनी कृपा सांवरे बनाए रखना भजन सुनाकर अपनी कथा का समापन आरती के साथ किया। मौके पर राजेश्वरी परिवार के अनेक सदस्य मौजूद थे।

### कथा सुनने को उमड़ी लोगों की भीड़

उन्होंने कहा कि लोग अपने बेटों में विश्वास रखते हैं तथा भगवान से विश्वास खत्म कर लेते हैं। जब बेटा पैदा होता है तो सोचते हैं कि वह बुढ़ापे में उसका सहारा बनेगा। इसलिए वे सबकुछ छोड़कर अपने बेटे के लालन पालन तथा उसको बड़ा करने में लग जाते हैं, मगर बड़ा होने के बाद उनका बेटा उनके विश्वास को तोड़ देता है। जिसके बाद लोग भगवान की शरण में आते हैं। भगवान पर विश्वास करते हैं। अगर वे पहले ही बेटे से ज्यादा भगवान पर विश्वास करते तो उनके साथ ऐसा नहीं होता। उन्होंने कहा कि लोग भगवान पर भरोसा कम रखते हैं तथा चिंता ज्यादा रखते हैं। यदि चिंता छोड़कर भगवान पर भरोसा ज्यादा रखें तो भगवान उनकी चिंताएं अपने आप ही दूर कर देगा। उन्होंने बताया कि भगवान अपने भक्तों की बहुत सुनते हैं। भक्त प्रहलाद को अपने भगवान पर पूरा भरोसा था, उसे किसी बात की चिंता नहीं थी। इसलिए समय-समय पर भगवान अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा करने के लिए आए। प्रहलाद को भरोसा था कि खंभे में भी उसके भगवान हैं, तो भगवान खंभे के अंदर से निकले। इसलिए लोगों को चिंता छोड़कर भगवान पर भरोसा रखना चाहिए।

## हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र में साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# आधुनिक डेयरी व्यवसाय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- कार्यक्रम में 30 प्रशिक्षणार्थियों ने लिया भाग

हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र में व्यवसायिक डेयरी फार्मिंग विषय पर दो से आठ जुलाई तक साप्तहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 30 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम लुवास के कुलपति डॉ. नरेश जिंदल के निर्देशानुसार निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. विरेंद्र पंवार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं, किसान उद्यमियों, महिलाओ एवं पशुपालकों को वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन, दुग्ध प्रसंस्करण, विपणन तकनीकों एवं वित्तीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था।

प्रशिक्षण संयोजक व विस्तार विशेषज्ञ डेयरी डॉ. योगेंद्र सिंह यादव ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को डेयरी उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर गहन जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूध प्रसंस्करण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, लघु संयत्र स्थापना एवं विपणन जैसे व्यावसायिक और मूल्यवर्धन संबंधी विषयों पर विशेष फोकस रहा, जो डेयरी आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा। सप्ताहभर चले इस प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण विषयों जैसे डेयरी फार्मिंग में स्वरोजगार, स्वच्छ एवं सुरक्षित दूध उत्पादन, ब्रुसेलोसिस, थनेला एवं अन्य प्रमुख रोगों की जानकारी, सही नस्लों का चयन, नवजात बछड़ों की देखभाल, मौसम आधारित प्रबंधन, संतुलित आहार एवं पोषण, दुग्ध प्रसंस्करण, मार्केटिंग एवं लघु संयंत्र की संभावना, पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा की योजना, बैंकिंग सहायता, वित्तीय योजनाएं व स्वयं सहायता समूह उद्यमिता सहयोग आदि पर व्याख्यान एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. राहुल यादव, डॉ. अमित सांगवान, डॉ. राजेंद्र यादव, डॉ. रमेश कुमार (सेवानिवृत्त क्षेत्रीय निदेशक), डॉ. योगेंद्र सिंह यादव, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी एवं बैंक अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के अंतिम दिन आयोजित समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह में सेवानिवृत्त क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए एवं ग्रामीण क्षेत्र में वैज्ञानिक डेयरी फार्मिंग की आवश्यकता को रेखांकित किया।

समापन अवसर पर डॉ. योगेंद्र सिंह यादव ने सभी प्रशिक्षकों, अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आधुनिक डेयरी व्यवसाय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है तथा यह प्रशिक्षण केवल जानकारी प्रदान करने तक सीमित नहीं था, बल्कि प्रतिभागियों को व्यवहारिक रूप से दक्ष बनाने की दिशा में एक ठोस कदम था। उन्होंने आह्वान किया कि प्रशिक्षणार्थी यहां अर्जित ज्ञान को अपने क्षेत्र में क्रियान्वित करें एवं दूसरों को भी लाभ पहुंचाया।




महेंद्रगढ़। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# नर्मदा देवी सिंघानिया में गणित प्रतिभा व युवाओं की प्रेरणा का विशेष सत्र आयोजित

**महेंद्रगढ़।** नर्मदा देवी सिंघानिया इंटरनेशनल स्कूल पचेरी बड़ी में मंगलवार को एक विशेष शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें गणित की जादूगरनी और सिंघानिया विश्वविद्यालय की एम्बेसडर वंशिका शर्मा ने कक्षा आठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को गणितीय ट्रिक्स, प्रेरक विचारों और करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। वंशिका शर्मा, जो अब तक 11 विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी हैं और हाल ही में राजस्थान यूथ आइकॉन अवार्ड-2025 से सम्मानित हुई हैं, ने विद्यार्थियों के साथ रोचक तरीके से संवाद किया और उन्हें गणित विषय के प्रति नई सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. विजय सिंह ने कहा कि छात्रों को जीवन में सकारात्मक सोच और लगातार प्रयास से सफलता मिलती है। वंशिका जैसी प्रतिभाएं विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत उदाहरण हैं कि कैसे समर्पण और मेहनत से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा हमारे विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को हर प्रकार का एक्सपोजर देना है, ताकि उनकी प्रतिभा का समग्र विकास हो सके। हम भविष्य में भी इस प्रकार के सत्र आयोजित करते रहेंगे। इस कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका सीमा हरित, प्रमिला, निशा सैनी तथा शिक्षक कुलदीप शर्मा, प्रवीन कुमार, संदीप कुमार और सुरेंद्र भी उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। वंशिका शर्मा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# यदुवंशी स्कूल के छात्रों ने नेल्टास मैथ ओलंपियाड में हासिल की सफलता

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी स्कूल के छात्रों ने एकबार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। नेल्टास मैथ ओलंपियाड में विद्यालय के कई छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्तरों पर सफलता प्राप्त की है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया और गणितीय दक्षता, तर्कशक्ति एवं विश्लेषणात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। अनेक विद्यार्थियों ने गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रांच मेडल प्राप्त किए। वहीं विद्यालय की छात्रा मानवी पुत्री महीपाल यादव, प्राची पुत्री नवीन कुमार ने इंटरनेशनल लेवल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया व योगिका पुत्री नरेश कुमार ने द्वितीया स्थान प्राप्त किया। तीनों छात्राओं को नकद राशि भी प्राप्त हुई। प्राचार्य पवन कुमार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रणाली का परिणाम है। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने इस उपलब्धि पर छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे बच्चों ने यह सिद्ध कर दिया है कि निरंतर अभ्यास, मार्गदर्शन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य कठिन नही होता। विद्यालय ऐसे ही छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने भी विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की।





## ज्ञानदीप विद्यालय में साइंस ड्रामा आयोजित

**महेंद्रगढ़।** गांव सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप स्कूल में विज्ञान की महत्ता को दशार्ते हुए साइंस वर्सेस सुपरस्टिशन (विज्ञान बनाम अंधविश्वास) विषय पर एक प्रेरणादायक साइंस ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस नाटक में कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और समाज में फैले अंधविश्वासों पर करारा प्रहार करते हुए वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण कक्षा दसवीं की छात्राएं दीपांशी, भूमिका और तनुश्री रही, जिन्होंने अपने अभिनय के माध्यम से यह दशार्या कि कैसे आज भी कई लोग झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र और ग्रह-नक्षत्र के नाम पर ठगे जाते हैं, जबकि विज्ञान इन सबका तार्किक समाधान प्रस्तुत करता है। बच्चों ने डेंगू, चेचक, ग्रहण, बीमारियों, भूत-प्रेत, स्त्रियों के साथ होने वाले भेदभाव जैसे विषयों पर आधारित अंधविश्वासों को मंचित किया और बताया कि इनका इलाज केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शिक्षित समाज से ही संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन रूपराम यादव ने की तथा विद्यालय के संस्थापक रामसिंह यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

# आरपीएस विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

वन महोत्सव सप्ताह के तहत आरपीएस विद्यालय के प्राइमरी विभाग में पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक विशेष कार्यक्रम पूरे सप्ताह चलाया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, वृक्षों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के लिए चेतना उत्पन्न करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यापकों एवं छात्रों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। बच्चों के लिए पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, पेपर बैग मेकिंग गतिविधि, प्रकृति भ्रमण तथा कविता पाठ आदि गतिविधियां रखी गई जिसमें सभी छात्रों ने भाग लिया। पेपर बैग मेकिंग गतिविधि के माध्यम से बच्चों को यह सिखाया गया कि पॉलिथीन की थैलियों के स्थान पर कपड़े, कागज और जूट के थैलों का प्रयोग करना चाहिए। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लॉस्टिक के थैलों के स्थान पर जूट के थैलों का उपयोग करने की शपथ ली। संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि वन महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं बल्कि यह प्रकृति से हमारा वादा है-स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित भविष्य का। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सभी गतिविधियों की खूब सराहना करते हुए विद्यार्थियों को पेड़-पौधों के महत्व से अवगत करवाया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर एक-एक पौधा लगाकर उसकी बड़े होने तक देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।




महेंद्रगढ़। बनाए हुए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# आरपीएस डिग्री कॉलेज के भूगोल विभाग में मौसम पर मंथन

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज के भूगोल विभाग में एक महत्वपूर्ण चर्चा सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय मौसम और विशेष रूप से दक्षिण हरियाणा में बनने वाले थंडरस्टॉर्म और आकाशीय बिजली की घटनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस अवसर पर जेएनयू से भूगोल में पीएचडी की उपाधि प्राप्त और आरपीएस कॉलेज के भूगोल विभाग में अध्यापन से जुड़े डॉ. हेमंत कुमार ने महेन्द्रगढ़ और रेवाड़ी जैसे अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में मानसून के दौरान थंडरस्टॉर्म की घटनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. हेमंत कुमार ने बताया कि दक्षिण हरियाणा के इन क्षेत्रों में मानसून के दौरान थंडरस्टॉर्म की घटनाएं आम हो गई हैं। आकाशीय बिजली और थंडरस्टॉर्म एक गंभीर खतरा है। अतः इनके निर्माण की प्रक्रिया समझने और इससे बचाव के उपायों पर ध्यान देना आवश्यक हो जाता है। उन्होंने बताया कि दक्षिण हरियाणा में बनने वाले थंडरस्टॉर्म की प्रकृति अन्य क्षेत्रों से अलग है। दक्षिण हरियाणा का क्षेत्र अर्ध-शुष्क और गर्म है, जबकि पूर्वी भारत के राज्यों में मौसम कम शुष्क रहता है। आरपीएस संस्था के निदेशक डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार देवेंद्र यादव और कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र ने इस तरह के सत्रों को छात्रों और समुदाय के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से मौसम और पर्यावरण के प्रति जागरूकता में वृद्धि होगी।



महेंद्रगढ़। आरपीएस कॉलेज का भूगोल विभाग। फोटो : हरिभूमि

## मधुर वाटिका में यज्ञ व पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन


# मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल अभियान व लोक संस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल अभियान सदस्य व लोकसंस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. कृष्णा कुमारी आर्या ने हुडा सेक्टर स्थित मधुर वाटिका में यज्ञ व पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण, स्त्री सशक्तिकरण एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन की शपथ ली तथा यज्ञ में घृत व सामग्री की आहुतियां डाली। संस्था अध्यक्ष एवं मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल अभियान सदस्या डॉ. कृष्णा आर्या ने जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत अपने 61वें जन्मदिन पर 61 पौधों का वितरण किया व त्रिवेणी का रोपण किया।

समाजसेविका डॉ. कृष्णा आर्या ने बताया कि माता पिता की प्रेरणा व पारिवारिक संस्कारों को फलिभूत करते हुए वे पिछले 25 साल से सामाजिक कार्यों में विशेष भागीदारी रख रही हैं और बेटियों की सुरक्षा, स्त्री सशक्तिकरण, योग साधना, शैक्षणिक योगदान, पौधारोपण, जल संरक्षण, निक्षय मित्र मिशन, सामुदायिक स्वच्छता अभियान और जल को बचाने के लिए इलाके में विस्तृत अभियान चलाए हुए हैं। जिसके तहत 1300 संगोष्ठियों का आयोजन करने के साथ 17 हजार 500 से ज्यादा पौधों का रोपण करवाया जा चुका है।

इस अवसर पर मिथलेश यादव ने मुझे तूने दाता बहुत कुछ दिया है तेरा शुक्रिया है गीत गाकर ईश्वर का आभार प्रकट किया। डॉ. कृष्णा आर्या की परम मित्र शिक्षाविद शकुंतला यादव व वासुदेव यादव ने वाटिका में त्रिवेणी लगाकर प्रकृति के मंगल व शुद्ध ऑक्सीजन की उपलब्धता की कामना करते हुए जीवन के अनुभव शेयर किए। प्राचार्य डॉ. रामनिवास यादव, कैप्टन जगराम आर्य, रामोतार, अमरजीत बडेसरा, चेतन यादव, मिथलेश, युगान्ता, अवनी, संयोगिता भारद्वाज व सुदेश आर्या ने सभा को सम्बोधित किया। संगोष्ठी में डॉ. कृष्णा आर्या के साथ परमानन्द दीवान, जयप्रकाश यादव, शकुंतला, उषारानी, सीमा यादव, सरिता, सुमन चौधरी, सुनीता यादव, चेतन यादव, हेमलता, सुमेरसिंह प्राचार्य, रमेश, दाताराम सैनी, लक्ष्मी देवी, गीता यादव, शांति देवी आदि उपस्थित रहे।



नारनौल। मधुर वाटिका में पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। स्कूल में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## विद्या भारती स्कूल में किया पौधरोपण

नारनौल । विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में मां के नाम एक पौधा लगाने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय प्रांगण में एक फलदार व एक औषधीय पौधे का रोपण संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने वृक्षों का मानव-जीवन में महत्व व इनकी उपयोगिता के बारे में बताया तथा विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों को अपने प्रत्येक जन्मदिन पर एक पौधा लगाने की सलाह दी।

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव बवानिया, खण्ड कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ में पुरानी मोटर, डोरी, नट, पाईप की खुली बोली (नीलामी) दिनांक 11.07.2025 को प्रातः 9 बजे गांव बवानिया के शिव मन्दिर के पास छोड़ी जाएगी। इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंच कर हिस्सा ले सकते हैं। बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/- पूजा यादव, सरपंच
ग्राम पंचायत बवानिया,
खण्ड कनीना (जिला महेन्द्रगढ़)

**PUBLIC NOTICE**

I Bedprakash S/o Surender Kumar Mohalla Vikash Nagar Behind Narula Hotel Narnaul Distt. M/Garh Haryana declare that my 10th class Marksheet my father name mentioned as Surender & my mother name is Minakshi by mistake. but correct name is my father is Surender Kumar & my mother is Meenakshi. necesary correction as per rules.

**सूचना**

मैं, राहुल मित्तल पुत्र श्री हरिराम निवासी कनीना, तहसील कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरे पिताजी हरिराम पुत्र मामचंद का निधन दिनांक 04.05.2021 को हो चुका है और मेरे पिताजी के नाम से कनीना मंडी जिला महेन्द्रगढ़ के राजस्व रिकार्ड में आराजी चली आती है, जिसकी प्रोपर्टी आईडी नंबर '7BBNH9P3' है, जिसमें मेरे पिता का नाम दर्ज है। मेरे पिताजी के लीगल वारसान निम्नलिखित हैं:- ललिता देवी पत्नी, ज्योति, सोनिका पुत्रियां व राहुल मित्तल, कैलाश पुत्र हरिराम पुत्र मामचंद हैं। उपरोक्त वारसान के अलावा अन्य कोई कानूनी वारिस नहीं है अगर कोई अन्य वारिस पाया जाता है तो मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। अगर किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो 30 दिन के अंदर आपत्ति दर्ज करवाएं। नहीं तो यह प्रोपर्टी उपरोक्त वारसान के नाम दर्ज कर दी जाएगी। मनबयानदेहिन्दा का उपरोक्त बयान बिल्कुल सही व दुरूस्त है और इसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटि पाई जाती है तो उसका मनबयानदेहिन्दा स्वयं जिम्मेदार रहेगा।

# नपा में शामिल पंचायत व ढाणियों तक नहीं पहुंच पाई विकास योजनाएं, पार्षदों ने जताया रोष

**खास बातें**

- चेयरपर्सन पर कमीशन लेकर ठेकेदार को खराब कार्यो का भुगतान करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी




नांगल चौधरी। नपा में भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठे पार्षद तथा विकास कार्यों में कमीशनखोरी की जांच के लिए उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

नपा में विकास कार्य कार्य चंद वार्डो तक सिमटा हुआ है। पार्षदों की रिपोर्ट के बावजूद ठेकेदारों को खराब कार्यो की पेमेंट भुगतान कर दिया। जिससे आक्रोशत पार्षदों ने कंवर सिंह जाखड़ की अगुवाई में धरने प्रदर्शन किया।

जिला उपायुक्त को ज्ञापन भेजकर चेयरपर्सन व अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने जल्द ही जांच कमेटी का गठन नहीं किया, तो अनिश्चितकालीन धरने की रूपरेखा बनाई जाएगी।

आक्रोशित पार्षदों ने बताया कि तीन गांव तथा आठ ढाणियों को मिलाकर नांगल चौधरी नपा का गठन किया गया है। उस दौरान ग्रामीणों को शहरों की तर्ज पर बिजली, पानी, सड़कें तथा सफाई व्यवस्था का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 15 साल बीतने बावजूद नपा में शामिल ढाणियों तक पक्की सड़कें नहीं पहुंच पाई हैं। 10 दिन के अंतराल पर पेयजल सप्लाई मिलती है, दूसरी तरफ कई ढाणियों में सीवर सुविधा तक उपलब्ध नहीं। बीते दिनों शहर में मास्क लाइटें लगाने का टैंडर छोड़ा गया था, लेकिन ठेकेदार ने शहर कुछ वार्डो में लाइटें लगाकर बिल पास करवा लिया। करीब एक महीने पहले शहर में लगभग 3500 लाइटें लगाने का टैंडर छोड़ा गया था, लेकिन इस टैंडर में भी दूरदराज की ढाणियों को शामिल नहीं किया। जिससे आक्रोशित 13 में से नौ पार्षदों ने बैठक करके नपा प्रशासन विरोधी नारेबाजी की। चेयरपर्सन के कार्यकाल में हुए विकास कार्यो की जांच कराने के लिए जिला उपायुक्त को ज्ञापन भेजा। कहा के कमीशन खोरी के चलते विकास कार्यों की क्वालिटी और पारदर्शिता निरंतर धुमिल हो रही है। धरना प्रदर्शन में कोमल तंवर, विकास मुदगिल, कंवर सिंह जाखड़, संजू कुमारी, शकुंतला, धर्मेंद्र, धर्मबीर, रिंकू सैनी, अनिता मौजूद रही। आक्रोशित पार्षदों ने चेयरपर्सन पर कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। कहा कि बीते दिनों कई वार्डो के विकास कार्यों में धांधली बरती गई थी। जिसकी पेमेंट रूकवाने के लिए चेयरपर्सन को अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने पार्षदों की रिपोर्ट को अनदेखा करके ठेकेदार को भुगतान कर दिया।

### 12 करोड़ खर्च, धरातल पर समस्याएं जस की तस

पार्षद कंवर सिंह जाखड़ ने बताया कि चुनावों के बाद चार्ज संभालने तक नपा के बैंक खातों में 12 करोड़ से अधिक बजट जमा था। तीन साल में लगभग कंप्लीट बजट को खर्च कर दिया, बावजूद शहर में सफाई, पेयजल, खस्ताहाल सड़कें, लाइटों तथा सीवर की समस्या बनी हुई है। जबकि इतना बजट खर्च होने के बाद शहर की कायापलट हो जानी चाहिए थी। उन्होंने चेयरपर्सन पर टैंडरों में ऑफ रिकार्ड हिस्सेदारी के आरोप लगाए हैं।

### भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद बताए

चेयरपर्सन प्रिया सैनी के प्रतिनिधि रमेश सैनी ने बताया कि विकास कार्यों में धांधली और कमीशनखोरी के आरोप निराधार हैं, क्योंकि वार्ड पार्षद की रिपोर्ट पर ही ठेकेदार को पेमेंट का भुगतान किया जाता है। बावजूद किसी पार्षद को संदेह है, तो रिकार्ड चेक कर सकता है। उन्होंने बताया कि ढाणियों में शहर से भी अव्वल विकास कार्य कराए गए हैं। कुछ पार्षद बिना वजह हंगामे को तूल दे रहे हैं, जो उचित नहीं है।

### सभी सड़कों पर लगेंगी हाई पावर लाइटें

नपा के सचिव ललित गोयल ने बताया कि विकास कार्य संपूर्ण मौहल्ले व वार्डों में समान रूप से हो रहे हैं। धांधली व कमीशनखोरी के आरोप बेबूनियाद हैं। दीपावली तक शहर के सभी सड़कों पर 3490 हाई पावर लाइटें लगाई जाएंगी। जबकि छह मास्क लाइटें बीते महीने लगा दी हैं। रिक्शा खरीद के संबंध में कंपनी को वापस मंगवाने के लिए पत्र भेज दिया है, अभी तक रिक्शों की पेमेंट नहीं हुई है।

**खबर संक्षेप**

### गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का सम्मान किया जाएगा

**नारनौल।** आगामी 10 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर एक निजी होटल में मंडल अध्यक्षों की बैठक जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें कार्यक्रम के संयोजक जेपी सैनी व सहसंयोजक मनीष संघी मौजूद रहे। कार्यक्रम को लेकर जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने सभी मंडल अध्यक्षों को मंडल स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेवारी सौंपी। इस दिन पार्टी के कार्यकर्ता मंडल स्तर पर धार्मिक स्थान, खेल जगत, मार्शल आर्ट, शिक्षा क्षेत्र में सभी सम्मानित गुरुओं को सम्मानित करने का कार्य करेंगे।

### मोनिका का असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए चयन



**नारनौल।** जिला की सीमा से सटे राजस्थान के गांव शिमला निवासी वीरेंद्र सिंह यादव अध्यापक की पुत्री मोनिका यादव का राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से घोषित परिणाम में फिजिक्स की कॉलेज अस्सिटेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ है। उन्होंने पूरे राजस्थान में 35वीं रैंक हासिल की है। क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। मोनिका ने इसका श्रेय अपने माता पिता व चाचा चाची को दिया है। फिजिक्स प्रोफेसर के पद पर चयन होने पर मोनिका को सरपंच रीना देवी, पूर्व सरपंच शिवताज सिंह, भूपसिंह, धर्मेंद्र सिंह, आदि ने बधाई दी।

### ओमप्रकाश यादव बने मिनिरल्स के प्रदेशाध्यक्ष

**नारनौल।** हरियाणा मिनिरल्स लिमिटेड के छटनी ग्रस्त एवं समायोजित कर्मचारियों के प्रदेश स्तरीय संगठन चुनाव राव तुलाराम पार्क रेवाड़ी में हुए। जिसमें चुनाव प्रवेक्षक ने पूरी कार्रवाई सम्पन्न करवाई। इसमें ओमप्रकाश यादव को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। दुलीचन्द्र को चेयरमैन, राजेन्द्र प्रसाद को वरिष्ठ उपप्रधान, राजेन्द्र यादव को महासचिव, जगदीश शर्मा को सचिव, राजेन्द्र शर्मा को कैशियर, अनिल कुमार को उपप्रधान, बलबीर सिंह को उपप्रधान, केएस राव को मुख्य सलाहकार, जसवंत सिंह कानूनी सलाहकार, धनश्याम सिंह प्रचार मंत्री, जगदीश को संगठन मंत्री, लालचन्द को कार्यकारिणी सदस्य व सतीश कुमार को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

## चांदुवाड़ा में सड़क तोड़ने के बाद मुख्य बाजार को आने-जाने का रास्ता बंद

# ओवरफ्लो सीवर समाधान के लिए तोड़ी सड़क, बरिश ने रोका निर्माण

बरसात के दिनों में सीवरेज जाम होने से कई मोहल्लों में घुटनों पानी खड़ा रहता है। दुकानदार एवं आमजन हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। चांदुवाड़ा मोहल्ला में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई खुदाई।



नारनौल। सीवर ठीक करने के लिए तोड़ी गई सड़क। फोटो : हरिभूमि

जनस्वास्थ्य विभाग वैसे तो पिछले कई सालों से अपनी कार्यशैली के कारण आमजन की आंखों की किरकिरी बना हुआ है। पिछले कई सालों से जगह-जगह सीवरेज की हो रही ओवरफ्लो के कारण पूरे शहरवासी जहां परेशान हैं, वहीं आजकल बरसात के दिनों में सीवरेज जाम होने से कई मोहल्लों में घुटनों पानी खड़ा रहता है।

इनकी कार्यशैली का ताजा उदाहरण तालाब बहादुर सिंह पर वाल्मीकि चौक से चांदुवाड़ा होकर मेन बाजार को जाने वाली प्रमुख सड़क है, जहां पिछले दो सालों से सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा। इस ओवरफ्लो सीवरेज के बदबूदार पानी से व्यापारी और आमजन परेशान रहते थे। यहां के व्यापारी और यहां के निवासी विभाग को इसका समाधान करने के लिए कह-कह कर जब थक चुके थे, तब कुछ दिन पहले जनस्वास्थ्य विभाग ने जागते हुए उनकी समस्या का समाधान करने के लिए 10 दिन पहले नई सीवरेज लाइन डालने का कार्य शुरू किया था, लेकिन अभी खुदाई भी पूरी नहीं हुई थी कि सड़क पर पत्थर मिट्टी के पड़े ढेरों के कारण वाहनों का आवागमन बंद पड़ा है। व्यापारियों की दुकान पर लोगों का जाना मुश्किल हो गया है। उनका व्यापार बिल्कुल ठप्प हो चुका है। बार-बार कहने के बावजूद जनस्वास्थ्य विभाग ने कार्य को यह कह कर रोका हुआ है कि अभी बरसात हो रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब बरसात के कारण कार्य रोकना था तो उन्होंने बरसात में शुरू ही क्यों किया? ऐसे में लगता है कि यहां का जनस्वास्थ्य विभाग यहां के जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के कंट्रोल से बाहर हो चुका है। आम जनता की कोई सुनवाई नहीं हो रही।

### पहले भी दे चुके हैं शिकायत

यहां के दुकानदार राजेश शर्मा ने बताया कि इस सीवरेज ओवरफ्लो की शिकायत वह नारनौल से लेकर चंडीगढ़ तक कर चुके हैं, लेकिन अधिकारी भी कमाल के हैं, चंडीगढ़ बैठे बैठे ही समस्या का समाधान किए बगैर ही समाधान करने का फोन पर मैसेज भेज देते हैं। स्थानीय अधिकारी यहां पहले भी कई बार सीवरेज होदी तोड़कर समाधान करने का प्रयास कर चुके हैं, लेकिन अब तक विफल ही रहे हैं।

### यह बोले दुकानदार

यहां के दुकानदारों राजेश शर्मा, सूरज बौहरा, मुकेश यादव, रामकिशन सैनी, नितिन, शिवचरण शर्मा, गिरधारी लाल सैन, आदि ने जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती से अनुरोध किया है कि लोगों की बरसात में भारी परेशानी को देखते हुए सीवरेज का रुका कार्य तुरंत शुरू कराया जाए। तालाब बहादुर सिंह से बाजार जाने का यह प्रमुख मार्ग है, लेकिन यहां की सड़क को बीचोंबीच से खोद दिया गया है और अब बरसात के नाम पर काम रोका हुआ है। यहां सीवर निर्माण कार्य जल्दी से जल्दी शुरू करवाया जाए।

### यह बोले अधिकारी

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई आकाश यादव ने बताया कि चांदुवाड़ा की सीवर की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए कुछ हिस्से में नई पाइप लाइन दबाई जानी है। इसका कार्य भी शुरू कर दिया था, लेकिन अब कुछ दिनों से आए दिन ही बरसात होने लगी है। इस गली में बरसात का पानी भरने से निर्माण कार्य अवरुद्ध हो रहा है।

# मुआवजे के आवेदनों पर तुरंत करें कार्रवाई : डीसी



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

- पीड़ित को मिलेगा 50 हजार से दो लाख रुपये तक का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को मिलने वाले मुआवजे को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना के तहत प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार की ओर से हिट एंड रन दुर्घटनाओं में मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50000 रुपये तक का मुआवजा प्रदान किया जाता है।

डीसी डॉ. विवेक भारती ने बैठक में आए विभिन्न आवेदनों पर गहन विचार विमर्श किया और अधिकारियों को इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संवेदनशील मामले में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पात्र पीड़ितों को समय पर मुआवजा मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आवेदनों की जांच और सत्यापन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करें, ताकि लाभार्थियों तक सहायता शीघ्र पहुंच सके। उपायुक्त ने बताया कि हिट एंड रन मामले में पीड़ितों को सरकार की ओर से हिट एंड रन मोटर दुर्घटना पीड़ित मुआवजा योजना 2022 के तहत मुआवजा दिया जाता है।

इस मामले में पीड़ित या उनके आश्रित संबंधित दुर्घटना क्षेत्र के एसडीएमए आरटीओ या पुलिस थाने में आवेदन कर सकता है। आवेदन फॉर्म एक में जमा करना होता है। आवेदन के साथ बैंक पासबुक की प्रति, पहचान पत्र, पते का प्रमाण, पुलिस एफआईआर की प्रति और यदि मृत्यु हुई है, तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृत्यु प्रमाण पत्र शामिल होते हैं।

आवेदन हादसा होने के दो महीने के अंदर अंदर करना होता है। उन्होंने बताया कि जनरल इंश्योरेंस काउंसिल सही आवेदनों के लिए सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भुगतान करती है। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार, एसडीएम रमित यादव, सचिव आरटीए मनोज कुमार, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# वोटर हेल्पलाइन ऐप से मतदाता खुद कर सकते हैं आवेदन

- अटेली विस क्षेत्र के लिए बीएलओ प्रशिक्षण संपन्न
- मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। बीएलओ को प्रशिक्षण देते एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

अटेली विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण आगामी मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था।

समापन दिवस पर कनीना के एसडीएम एवं अटेली विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को संबोधित करते हुए कहा कि शुद्धए पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना बीएलओ की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी पूरी निष्ठा और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें, क्योंकि लोकतंत्र की बुनियाद एक मजबूत मतदाता सूची पर ही टिकी होती है।

डॉ. सिंह ने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन जैसे कार्यों में फार्म सही ढंग से भरवाएं और किसी भी तरह की त्रुटि से बचें। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता बीएलओ की कार्यशैली और ईमानदारी पर आधारित होती है। नागरिक अब खुद वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। इस मौके पर निर्वाचन तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह, निर्वाचन कानूनगो पूनम, मास्टर ट्रेनर सुरेन्द्र यादव, हमेश कुमार, अभिमन्यु उपस्थित रहे।

### आवेदन करने के लिए ऑफलाइन व ऑनलाइन सुविधा मौजूद : एसडीएम

एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन की सुविधा दी हुई है। मतदाता खुद वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप या वेबसाइट के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन या ऐपिक अपडेट जैसे कार्य आसानी से कर सकते हैं, जो मतदाता ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकते, वे अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर ऑफलाइन फॉर्म भरवाकर आवेदन कर सकते हैं।

# जिला कष्ट निवारण समिति की भूमिका और कार्य प्रणालियों पर प्रकाश डाला

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली कष्ट निवारण समिति सदस्यों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव। फोटो : हरिभूमि

जिला कष्ट निवारण समिति के नवनियुक्त सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने की।

बैठक में हाल ही में नियुक्त समिति के सदस्यों के साथ पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह, प्रवक्ता राकेश शर्मा, पूर्व ज़िला अध्यक्ष दयाराम यादव, गोविंद भारद्वाज, विजय सांगवान, सुरेश शर्मा, राजेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि रजत, अटेली विधायक प्रतिनिधि गोविंद गोस्वामी व अन्य वरिष्ठ समिति सदस्यों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष ने समिति की भूमिका, जिम्मेदारियों एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। यतेंद्र राव ने कहा कि कष्ट निवारण समिति आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु एक सशक्त मंच है। इसका उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना है, ताकि जनहित से जुड़ी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने आग्रह किया कि जिला प्रशासन के साथ मिलकर लोगों की समस्याओं के निदान के लिए सभी सदस्य प्रभावी रूप से सकारात्मक कार्य करें।

# भ्रूण लिंग परीक्षण की सूचना टोल फ्री नंबर 104 पर दें नागरिक : भारती

- डीसी ने ली जिला स्तरीय स्थाई समिति अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। जिला स्तरीय स्थाई समिति की बैठक लेते डीसी डॉ. विवेक भारती।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं और सरकार के निरंतर प्रयासों से लड़कियों के प्रति लोगों की सोच में धीरे धीरे बदलाव आ रहा है। इस बदलाव में समाज की और अधिक भागीदारी के लिए अधिकारी लगातार प्रभावी प्रयास करते रहें।

यह निर्देश उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को लघु सचिवालय में लिंगानुपात को लेकर बनी जिला स्तरीय स्थाई समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम का कड़ाई से पालन किया जाए। अगर कहीं भी शिकायत मिलती है, तो उस पर तुरंत एक्शन लिया जाए। उन्होंने नियमित रूप से अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आशा, आंगनबाड़ी कर्मी तथा जनप्रतिनिधियों के साथ लगातार बैठक करें। उन्होंने बताया कि जिला के नागरिक लिंग जांच की सूचना टोल फ्री नंबर 104 पर दे सकते हैं।

## शराब ठेका हटाने को लेकर धनुंदा रोड पर लोगों का धरना जारी

# दुकान मालिकों ने किरायानामा रद का शपथ पत्र दिखाया

- तीसरे दिन शराब ठेके के सामने पुरुषों के साथ महिलाएं भी धरने पर बैठीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



मंडी अटेली। धनुंदा रोड पर धरने पर बैठी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

धनुंदा रोड पर शराब की दुकान खोलने की तैयारी का स्थानीय लोगों ने विरोध किया और दुकान मालिकों के द्वारा एक शपथ पत्र देकर अवगत कराया गया है कि हमारे द्वारा जो किरायानामा किया था, वह रद कर दिया है और पैसे लौटा दिए गए हैं।

इस शपथ पत्र में किराया देने वाले रमेश ने बताया कि वह इस दुकान में साझेदार से बगैर बातचीत कर उसने किरायानामा कर दिया था, पर अब उसके परिवार की नाराजगी की वजह से यह किरायानामा रद्द करता है। इस रोड से महिला, बच्चे बुजुर्ग वह छात्र-छात्राएं आवागमन रहता है। क्षेत्र में शांति बनी रहे, इसके लिए अब यह दुकान को खोलने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करता है। मंगलवार को धरना विरोध प्रदर्शन के दौरान कहीं पर भी रमेश नहीं दिखाई दिया, जबकि उनके दो साझेदार दुकान को खाली करने के लिए अपने हाथों में शपथ पत्र दिखाते हुए अटेली पुलिस थाने में नजर आए।

वार्ड नंबर तीन एवं चार के लोग नारनौल उपायुक्त और आबकारी विभाग से इस शराब की दुकान के मामले में मिलने गए थे। तीसरे दिन सुबह दस बजे कस्बावासी पुरुष एवं महिलाएं शराब ठेके के पास धरने पर बैठ गई। स्थानीय लोगों ने अटेली थाने में लिखित शिकायत दी। बताया कि जहां दुकान खोली जा रही है, वह वार्ड नंबर तीन और चार का हिस्सा है। यह पूरी तरह आबादी क्षेत्र है। सुबह-सायं यहां पुरुष और महिलाएं टहलते के लिए निकलती है। शराब की दुकान से माहौल खराब होगा। इसलिए शराब का ठेका यहां न खोला जाए। ठेकेदार के सुपरवाइजर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें आबकारी विभाग से अनुमति मिली है। अगर प्रशासन हमें यहां से दुकान हटाने की रहेगा तो हम प्रशासन की बात मानने को तैयार हैं। इस मौके पर वार्ड तीन के पार्षद प्रतिनिधि वीरेंद्र वर्मा, वार्ड चार की पार्षद स्नेह लता, कष्ट निवारण समिति के सदस्य अधिवक्ता सुमित शर्मा, वेद पटवारी, आदि उपस्थित थे।